**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 67**
**26 जून, 2019 को उत्तर के लिए**

**मिलिट्री और सैनिक स्कूल**

***67 श्री हरीश द्विवेदी :**

**श्री अण्णा साहेब शंकर जोल्ले :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तिथि के अनुसार देश में मिलिट्री और सैनिक स्कूलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या विभिन्न राज्यों में स्थित सैनिक स्कूलों से भारतीय सशस्त्र सेनाओं में कुछेक श्रेष्ठ अधिकारी मिले हैं और वे जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में ऐसे और अधिक सैनिक स्कूलों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार एवं स्थान-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का इस प्रयोजनार्थ कोई समिति गठित करने का विचार है;

(ङ) क्या सरकार उक्त सैनिक स्कूलों के निष्पादन/शिक्षा के स्तर से संतुष्ट है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इन स्कूलों में शिक्षा के उच्च स्तर को बनाए रखने हेतु क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(छ) क्या सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय के माध्यम से सभी वर्तमान सैनिक स्कूलों के लिए बजट आवंटन बढ़ाए जाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह)**

(क) से (छ) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

**लोक सभा में दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) देश में 31 सैनिक स्कूल और 05 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (ब्यौरा **अनुबंध-I** पर) हैं।

(ख) : जी, हां । भारतीय सशस्त्र बलों के सबसे अच्छे अफसरों में से कुछ अफसर तथा कुछ महान हस्तियां सैनिक स्कूलों से निकले हैं। सैनिक स्कूलों से निकले कुछ ख्यातिप्राप्त पूर्व-छात्रों का ब्यौरा **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

(ग) : जी, हां । सरकार का 05 सैनिक स्कूलों की स्थापना करने का प्रस्ताव है। 05 स्कूलों के लिए राज्य सरकार के साथ एक करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जो राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क भूमि व निर्माण लागत मुहैया कराने के बाद किया जाता है। ब्यौरा **अनुबंध-III** पर है।

(घ) : समिति गठित किए जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

(ङ) और (च) : जी, हां । सरकार सैनिक स्कूलों के प्रदर्शन और उनके शिक्षा के स्तर से संतुष्ट है। भारतीय रक्षा अकादमी/भारतीय नौसेना अकादमी/तकनीकी प्रवेश स्कीमों आदि में बड़ी संख्या में शामिल होने वाले कैडेट मुहैया कराके सैनिक स्कूलों ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। पिछले तीन वर्षों में सैनिक स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में भेजे गए कैडेटों की वर्ष-वार संख्या और उनकी प्रतिशतता निम्नानुसार है:-

| वर्ष | कुल भर्ती दोनों सत्रों में | सैनिक स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या | एनडीए में सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| 2016 | 595 | 158 | 26.55 |
| 2017 | 644 | 179 | 27.79 |
| 2018 | 662 | 147 | 22.20 |

(छ) : केन्द्रीय सरकार अवसंरचनात्मक विकास, आईटी/प्रशिक्षण अनुदान, रक्षा स्कॉलरशिप, केन्द्रीय सहायता, वेतन आयोग के लागू होने के परिणामस्वरूप सैनिक स्कूल के कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों/पेंशन में हुई अतिरिक्त वृद्धि, एनडीए प्रोत्साहन आदि के लिए सभी सैनिक स्कूलों को वित्तीय सहायता मुहैया कराती है। पिछले तीन वर्षों

में केन्द्रीय सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों को मुहैया कराई गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **वित्तीय वर्ष** | **आवंटित बजट** |
|---|---|
| 2016-17 | 81.38 करोड़ |
| 2017-18 | 80.00 करोड़ |
| 2018-19 | 84.22 करोड़ |

वर्तमान में सैनिक स्कूलों के लिए बजट आवंटन को बढ़ाए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**लोक सभा में दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

**देश में मिलिट्री स्कूलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | स्कूल का नाम | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | चैल | हिमाचल प्रदेश |
| 2. | अजमेर | राजस्थान |
| 3. | धोलपुर | |
| 4. | बेलगांव | कर्नाटक |
| 5. | बेंगलोर | |

**देश में सैनिक स्कूलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | स्कूल का नाम | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | सैनिक स्कूल कोरूकुंडा | आन्ध्र प्रदेश |
| 2. | सैनिक स्कूल कालीकिडी | |
| 3. | सैनिक स्कूल ग्वालपाडा | असम |
| 4. | सैनिक स्कूल नालंदा | बिहार |
| 5. | सैनिक स्कूल गोपालगंज | |
| 6. | सैनिक स्कूल अम्बिकापुर | छतीसगढ़ |
| 7. | सैनिक स्कूल बालछड़ी | गुजरात |
| 8. | सैनिक स्कूल कुंजपुरा | हरियाणा |
| 9. | सैनिक स्कूल रेवाड़ी | |
| 10. | सैनिक स्कूल सुजानपुर टीरा | हिमाचल प्रदेश |
| 11. | सैनिक स्कूल नगरोटा | जम्मू और कश्मीर |
| 12. | सैनिक स्कूल तिलैया | झारखंड |
| 13. | सैनिक स्कूल बीजापुर | कर्नाटक |
| 14. | सैनिक स्कूल कोडागू | |
| 15. | सैनिक स्कूल कजाकूट्टम | केरल |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | सैनिक स्कूल रीवा | मध्य प्रदेश |
| 17. | सैनिक स्कूल सतारा | महाराष्ट्र |
| 18. | सैनिक स्कूल चन्द्रपुर | |
| 19. | सैनिक स्कूल इम्फाल | मणिपुर |
| 20. | सैनिक स्कूल छिंगछिप | मिजोरम |
| 21. | सैनिक स्कूल पुंग्लवा | नागालैंड |
| 22. | सैनिक स्कूल भुवनेश्वर | ओडिशा |
| 23. | सैनिक स्कूल कपूरथला | पंजाब |
| 24. | सैनिक स्कूल चितौड़गढ़ | राजस्थान |
| 25. | सैनिक स्कूल झुनझुनु | |
| 26. | सैनिक स्कूल अमरावती नगर | तमिलनाडु |
| 27. | सैनिक स्कूल घोड़ाखाल | उत्तराखंड |
| 28. | सैनिक स्कूल पुरुलिया | पश्चिम बंगाल |
| 29. | सैनिक स्कूल पूर्वी सियांग | अरूणाचल प्रदेश |
| 30. | सैनिक स्कूल मैनपुरी* | उत्तर प्रदेश |
| 31. | सैनिक स्कूल झांसी* | |

* दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। स्कूल में 01 अगस्त, 2019 से कक्षाएं प्रारम्भ हो जाएंगी।

**लोक सभा में दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II**

**<u>सैनिक स्कूलों के भूतपूर्व छात्रों का ब्यौरा</u>**

| क्रम सं. | सैनिक स्कूल का नाम | सं. | रैंक (अगर लागू हो) | भू.पू. छात्र का नाम | सेवारत/सेवानिवृत्त | पदनाम/उपलब्धियां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सैनिक स्कूल, अमरावती नगर** | i | ले.जनरल | डी अनबू, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, एडीसी | सेवारत | उपसेना प्रमुख |
| | | ii | वाइस एडमिरल | जी अशोक कुमार, एवीएसएम वीएसएम | सेवारत | उप नौसेना प्रमुख |
| | | iii | आईएएस | मि. बी आनंद | सेवारत | अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार, बायोटेक विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार |
| 2 | **सैनिक स्कूल, अंबिकापुर** | | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | | | **2008 में स्कूल स्थापित किया गया** | | | |
| 3 | **सैनिक स्कूल बालाचडी** | i | ले. जनरल | असित मित्री | सेवारत | जीओसी दिल्ली क्षेत्र |
| | | ii | ले. जनरल | विजय शर्मा | सेवानिवृत्त | एशियन गेम्स, 1982 में भारतीय नौकायन दल के सदस्य<br>ओटीए गया के प्रथम कमांडेंट |
| | | iii | एयर मार्शल | एस सी मुकुल | सेवानिवृत्त | भारतीय वायुसेना के विभिन्न लड़ाकू विमान के 4200 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उड़ान भरने का अनुभव । भारत के महामहिम राष्ट्रपति के मानद एयर एडीसी |
| 4 | **सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर** | i | ले. जनरल | जे के मोहंती | सेवानिवृत्त | |
| | | ii | ले. जनरल | पी सी थिमय्या | सेवारत | जीओसी-इन-सी (एआरटीआरएसी) |
| | | iii | वाइस एडमिरल | ए के चावला | सेवारत | एफओसी-इन-सी (दक्षिण) |
| | | iv | आईएएस | श्री एमएस पधी | सेवारत | |
| 5 | **सैनिक स्कूल बीजापुर** | i | वाइस एडमिरल | श्रीकांत, एवीएसएम | सेवारत | कमांडेंट, एनडीसी, नई दिल्ली |
| | | ii | वाइस एडमिरल | मकरंद ए हैम्पीहोली, एनएम | सेवारत | महानिदेशक, नौसेना आपरेशन |
| | | iii | आईएएस | डा. अशोक डलवई | सेवारत | सचिव, भारत सरकार |
| 6 | **सैनिक स्कूल, छिंगछिप** | | - | - | - | - |
| | | | **2017 में स्कूल स्थापित किया गया** | | | |
| 7 | **सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़** | i | ले. जनरल | जेपी नेहरा | सेवानिवृत्त | |
| | | ii | जनरल | दलबीर सिंह सुहाग | सेवानिवृत्त | पूर्व-सीओएएस |
| | | iii | ले.जनरल | सुखदीप सांगवान | सेवारत | |
| | | iv | | मि. भारत भूषण व्यास | | सदस्य, यूपीएससी |
| 8 | **सैनिक स्कूल, पूर्वी सियांग** | | - | - | - | - |
| | | | **2018 में स्कूल स्थापित किया गया** | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | **सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल** | i | ले. जनरल | विनोद भाटिया, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम | सेवानिवृत्त | महानिदेशक, मिलेट्री आपरेशन के प्रतिष्ठित पद पर रहे । |
| | | ii | वाइस एडमिरल | एचसीएस बिष्ट, एवीएसएम | सेवानिवृत्त | महानिदेशक, तटरक्षक और एफओसी-इन-सी पूर्वी नौसेना कमांड के प्रतिष्ठित पद पर रहे । |
| | | iii | ले. जनरल | एलके पांडेय, एवीएसएम, एसएम | सेवानिवृत्त | उन्होंने इंफैन्ट्री बिग्रेड और आपरेशंस डिवीजन के रूप में कमान संभाली और यूएनएफआईएल में मुख्य आपरेशंस अफसर रहे । |
| | | iv | आईएएस | मि. पवन अग्रवाल | | भारत सरकार में अपर सचिव और एफएसएसएआई के सीईओ । कौशल विकास और उद्यम से संबंधित नए मंत्रालय के गठन करने में अहम भूमिका निभाई । |
| | | v | आईएएस | मि. राम सुहाग सिंह | | इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट छात्र होने के लिए उन्हें "चांसलर गोल्ड मेडल" प्रदान किया गया । |
| 10 | **सैनिक स्कूल ग्वालपाडा** | I | ले. जनरल | कोनसम हिमालय सिंह | सेवानिवृत्त | - |
| | | Ii | ले. जनरल | राणा प्रताप कलीटा | सेवारत | - |
| | | iii | एयर मार्शल | अंजन गोगोई | सेवानिवृत्त | - |
| 11 | **सैनिक स्कूल गोपालगंज** | | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | **सैनिक स्कूल इंफाल** | i | - | टीएच राधेश्याम सिंह | सेवारत | शिक्षा मंत्री, मणिपुर सरकार |
| | | ii | - | बिनचिलोथांग रैंगमा | सेवारत | अपर मुख्य सचिव, नागालैंड सरकार |
| 13 | **सैनिक स्कूल, झुंझुनू** | | - | - | - | - |
| | | | **2018 में स्कूल स्थापित हुआ** | | | |
| 14 | **सैनिक स्कूल, कपूरथला** | i | एयर मार्शल | एनजेएस ढिल्लन, एवीएसएम | सेवारत | |
| | | ii | ले. जनरल | रणबीर सिंह, एवीएसएम**, वाईएसएम, एसएम | सेवारत | जीओसी-इन-सी (उत्तरी कमान) |
| | | iii | ले. जनरल | एस के सैनी, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम | सेवारत | |
| | | iv | आईएएस | गुरिंदर संधू | | प्रधान सचिव |
| 15 | **सैनिक स्कूल, कालिकिरी** | | शून्य | शून्य | शून्य | |
| | | | **2014 में स्कूल स्थापित हुआ** | | | |
| 16 | **सैनिक स्कूल, काझाकुट्टम** | i | वाइस एडमिरल | अनिल कुमार चावला | सेवारत | एफओसी-इन-सी (दक्षिण) |
| | | ii | ले. जनरल | चेरिस मैथसन | सेवारत | जीओसी-इन-सी दक्षिण-पश्चिम कमान |
| | | iii | वाइस एडमिरल | अजिथ कुमार पी | सेवारत | एफओसी-इन-सी (पश्चिम) |
| | | iv | | जॉन मथई | | अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी, इसरो, त्रिवेंद्रम |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | **सैनिक स्कूल, कोडगु** | | शून्य | शून्य | शून्य | |
| | | | 2007 में स्कूल स्थापित हुआ | | | |
| 18 | **सैनिक स्कूल, कोरूकोंडा** | i | ले. जनरल | वाईवीके मोहन, एसएम, वीएसएम | सेवारत | कमांडेंट, डीएसएससी |
| | | ii | वा. एडमिरल | एमएस पवार, एवीएसएम, वीएसएम | सेवारत | नेवल स्टाफ के उप-प्रमुख |
| | | iii | | डा. डी. सुब्बाराव, आईएएस | सेवानिवृत्त | पूर्व गर्वनर, आरबीआई |
| | | iv | | श्री एस किशोर आईएएस | सेवारत | |
| 19 | **सैनिक स्कूल, कुंजपुरा** | i | जनरल | दीपक कपूर | सेवानिवृत्त | पूर्व-सीओएएस |
| | | ii | ले. जनरल | जेएस नैन, एवीएसएम, एसएम | सेवारत | |
| | | iii | | भूपिंदर सिंह हुड्डा | पूर्व-मुख्यमंत्री | पूर्व मुख्यमंत्री, हरियाणा |
| | | iv | आईपीएस | सुरजीत सिंह देशवाल | सेवारत | डीजीपी |
| 20 | **सैनिक स्कूल, नगरौटा** | i | | डा. अशोक वेद | सेवारत | पदम श्री |
| 21 | **सैनिक स्कूल नालंदा** | | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 22 | **सैनिक स्कूल , पुंगलवा** | | - | - | - | - |
| | | | 2007 में स्कूल स्थापित हुआ | | | |
| 23 | **सैनिक स्कूल पुरुलिया** | i | | मि.नेफियो रियो | वर्तमान मुख्यमंत्री | मुख्यमंत्री नागालैंड |
| | | ii | एयर चीफ मार्शल | अरुप राहा | सेवानिवृत्त | पूर्व-वायुसेनाध्यक्ष |
| | | iii | ले. जनरल | सुब्रत साहा | सेवानिवृत्त | पूर्व-डीसीओएएस (पीएंडएस), सेना मुख्यालय |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | **सैनिक स्कूल रीवा** | I | एयर मार्शल | पीके राय | सेवानिवृत्त | |
| | | ii | वाइस एडमिरल | अतुल जैन | सेवारत | |
| | | iii | | संजय रस्तोगी | | आईएएस (सीबीओ) |
| 25 | **सैनिक स्कूल, रेवाडी** | | शून्य | | | |
| | | | 2009 में स्कूल स्थापित हुआ | | | |
| 26 | **सैनिक स्कूल, सतारा** | i | एयर चीफ मार्शल | पीवी नायक पीवीएसएम, वीएसएम | सेवानिवृत्त | पूर्व-वायुसेना प्रमुख |
| | | ii | वाइस एडमिरल | सुनील वी भोकारे | सेवारत | |
| | | iii | आईएएस | श्री सुरेश जाधव | | |
| 27 | **सैनिक स्कूल, सुजानपुर तिरा** | i | मेजर | सुधीर वालिया | शहीद | एसी (मरणोपरांत), एसएम**, ओपी रक्षक |
| 28 | **सैनिक स्कूल तिलैया** | I | ले.जनरल | एस के झा, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम | सेवारत | कमांडेंट, इंडियन मिलेट्री एकेडमी देहरादून |
| | | ii | वाइस एडमिरल | नारायण प्रसाद, एवीएसएम, एनएम | सेवारत | एसीओएम (एनएसएम) मेटेरियल (न्यूक्लियर सबमरीन मेंटीनेंस) के सहायक प्रमुख |
| | | iii | ले. जनरल | ए पी सिंह, एवीएसएम | सेवारत | डीजी, आर्मी एयर डिफेंस |
| | | iv | | श्री प्रकाश झा | - | फिल्म प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर |

**लोक सभा में दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-III**

**<u>नए सैनिक स्कूलों को खोले जाने हेतु लंबित प्रस्तावों की स्थिति</u>**

| क्र.सं. | जिला | राज्य | अभ्युक्तियां/स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | अलवर | राजस्थान | करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया |
| 2. | अमेठी | उत्तर प्रदेश | करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया |
| 3. | रुद्रप्रयाग | उत्तराखंड | करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया |
| 4. | संभलपुर | ओडिशा | करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया |
| 5. | वारंगल | तेलंगाना | करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया |

***